# सेवा नहीं मेवा खाते थे विपक्षी : नीतीश

## बिहार विधानसभा चुनाव : नीतीश कुमार ने विपक्ष पर साधा निशाना

**पटना, 23 अक्टूबर. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक्स पर ट्वीट कर बिहार की 44 जीविका दीदियों के क्लाउड किचन की सफलता साझा की, कहा 'बिहार की बहन-बेटियां अब नौकरी भी दे रही हैं.' बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को एक्स (पूर्व ट्विटर) पर एक पोस्ट कर बिहार की जीविका दीदियों की उपलब्धियों को सराहा.**



उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर की 44 जीविका दीदियों द्वारा चलाया जा रहा क्लाउड किचन अब सालाना 3 करोड़ रुपये का टर्नओवर कर रहा है और 50 लाख रुपये का मुनाफा कमा रहा है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि बिहार की मेहनती और आत्मनिर्भर महिलाओं की नई पहचान है. उन्होंने बताया कि इस किचन से सरकार को 15 लाख रुपये टैक्स के रूप में दिए जा रहे हैं, जो महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को दर्शाता है. नीतीश ने कहा, अपनी मेहनत, धैर्य और इच्छाशक्ति से जीविका दीदियां अपने परिवार, समाज और बिहार की तस्वीर बदल रही हैं. ऐसी करोड़ों बहनें आज प्रेरणा स्रोत हैं. उन्होंने बताया कि राज्य में 1 करोड़ 40 लाख से अधिक जीविका दीदियां अलग-अलग रोजगारों से जुड़ी हैं और बिहार की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान दे रही हैं. मुख्यमंत्री ने ट्वीट में लिखा कि उनकी सरकार ने हमेशा आधी आबादी के सम्मान और उत्थान के लिए नीतियां बनाईं. उन्होंने कहा, हमने पंचायत और नगर निकाय चुनावों में महिलाओं के लिए 50% आरक्षण और सरकारी नौकरियों में 35% आरक्षण लागू किया.

# हिमाचल में हिमपात, शीतलहर का प्रकोप बढ़ा

**शिमला, 23 अक्टूबर. हिमाचल प्रदेश के ऊपकी इलाकों में बुधवार रात हुई बर्फबारी ने राज्य के पर्वतीय परिदृश्य को शानदार बना दिया, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग प्रसन्न नजर आये. मौसम विभाग के अनुसार अटल सुरंग रोहतांग के दोनों छोर, लाहौल और पांगी की घाटियों में बुधवार को हिमपात हुआ. कुल्लू में भारी बारिश हुई.**




लाहौल में मौसम की दूसरी भारी हिमपात दर्ज की गयी. भारी बर्फबारी के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) -505 (कोकसर-लोसर), एनएच -3 (कोकसर-रोहतांग), और चंबा में साचे जोत सड़क सहित कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही को निलंबित कर दिया गया है. रोहतांग दर्रे में लगभग 15 सेमी बर्फबारी हुई. बारालाचा, शिकुंला और कुंजुम दर्रे में भी भारी हिमपात हुआ.

चंबा जिले में अपराह्न रुक-रुक कर बारिश हुई, जबकि पांगी की ऊंची चोटियों, जिनमें चस्क भटोरी, सुराल भटोरी और भरमौर के काली चौ और मणि महेश शामिल हैं, पर 7.6 सेंटीमीटर तक बर्फबारी हुई. बारिश और बर्फबारी ने पूरे क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप बढ़ा दिया है. इस बीच, कांगड़ा जिले में मंगलवार रात गरज के साथ बारिश हुई, लेकिन कल आसमान साफ रहा. शिमला स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज से 27 अक्टूबर तक पूरे राज्य में मौसम साफ और शुष्क रहने के आसार हैं.

## अमेरिकी सेना ने तस्करी करने वाले जहाज को डुबोया, दो की मौत

**वाशिंगटन.** अमेरिकी सेना ने अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में कथित तौर पर आठवें मादक पदार्थ तस्कर जहाज को डुबो दिया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गयी. यह जानकारी अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने बुधवार को दी.

यह प्रशांत क्षेत्र में इस तरह का पहला हमला था, जिसमें दो लोग मारे गए. उन्होंने एक्स पर में लिखा, कल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर युद्ध विभाग ने एक नामित आतंकवादी संगठन द्वारा संचालित एवं पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक जहाज पर घातक गतिज हमला किया.

# सिंधिया ने की सीतारमण से मुलाकात

**नयी दिल्ली, 23 अक्टूबर. केंद्र सरकार में मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और दूरसंचार, डाक तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास विभागों की प्राथमिकताओं से उन्हें अवगत कराया.**



सिंधिया के पास संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय हैं. संचार मंत्रालय के तहत दूरसंचार और डाक विभाग आते हैं. बैठक के दौरान तीनों विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे. उन्होंने वित्त मंत्री को मौजूदा वित्त वर्ष के लिए तीनों विभागों की पूंजीगत व्यय की प्राथमिकताओं और मध्यावधि योजना (वित्त वर्ष 2029-30 तक) के बारे में विस्तृत जानकारी दी. दूरसंचार विभाग ने आत्मनिर्भर 2025-2030 की राह के तहत बीएसएनएल (भारत संचार निगम लिमिटेड) के आत्मनिर्भर बनने और वित्तीय सुधार के रोडमैप को प्रस्तुत किया. इसमें बताया गया कि बीएसएनएल ने 17 साल बाद परिचालन लाभ हासिल किया है और हाल ही में स्वदेशी 4जी नेटवर्क की शुरुआत की गयी. कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार हो रहा है. इसमें बताया गया कि भविष्य की निवेश प्राथमिकताओं में 4जी और 5जी नेटवर्क विस्तार, बुनियादी ढांचा और डिजिटल सिस्टम का आधुनिकीकरण, तथा भूमि के मौद्रीकरण पहलों को तेज करना शामिल है, ताकि दूरसंचार क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता सुनिश्चित की जा सके. विभाग ने यह भी रेखांकित किया कि इन सुधारों का उद्देश्य इस दशक के अंत तक बीएसएनएल को लाभांश देने वाली, आत्मनिर्भर संस्था बनाना है. डाक विभाग ने अपने आधुनिकीकरण और रूपांतरण का रोडमैप प्रस्तुत किया.

# इंडिया गठबंधन में कांग्रेस का कोई सम्मान नहीं : भाजपा

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बिहार विधानसभा चुनाव में इंडिया महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं.**



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को महागठबंधन के प्रेसवार्ता के पोस्टर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की फोटो गायब होने पर कहा कि कांग्रेस पार्टी का इंडिया गठबंधन में कोई सम्मान नहीं बचा है, इसीलिए इस पोस्टर से राहुल गांधी गायब हैं. पूनावाला ने कहा कि प्रेसवार्ता के गुरुवार को पटना में होने वाली प्रेसवार्ता के पोस्टर में तेजस्वी बीच में दिखाई दे रहे थे, जबकि गठबंधन के अन्य सहयोगियों की छोटी तस्वीरें थीं, लेकिन राहुल गांधी का कोई नामोनिशान नहीं था. पूनावाला ने कहा कि महागठबंधन के नेताओं के पास न कोई मिशन, न कोई विजन, सिर्फ़ भ्रम, विभाजन और पद की महत्वाकांक्षा है.

# महागठबंधन में भ्रष्टाचार का आरोपी है सीएम उम्मीदवार तेजस्वी : सम्राट

**पटना, 23 अक्टूबर. बिहार की राजनीति में आज गरमाहट उस वक्त बढ़ गई जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने तेजस्वी यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया. इसके बाद भाजपा नेताओं ने तेजस्वी यादव और लालू परिवार पर जमकर निशाना साधा.**

केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने इसे बिहार की जनता के साथ धोखा बताया. वहीं, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने अपने समर्थन से राजनीतिक तापमान और बढ़ा दिया. राजनीतिक बयानबाजी के बीच बिहार का सियासी माहौल पूरी तरह चुनावी हो गया है. राजद की ओर से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद विपक्षी दलों ने इसे 'वंशवाद की राजनीति' बताया है. भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि तेजस्वी यादव की धारा 420 के आरोपी हैं और उनके पिता लालू प्रसाद यादव चारा घोटाले के चार मामलों में 32.5 साल की सजा काट रहे हैं. उन्होंने कहा कि बिहार की जनता समझती है कि राज्य का विकास किसने किया है और कौन करेगा. बिहार का भविष्य मोदी और नीतीश के नेतृत्व में सुरक्षित है. राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि तेजस्वी यादव की ताजपोशी के बाद बिहार में गठबंधन की अंदरूनी खींचतान और तेज हो सकती है. एक ओर भाजपा इसे जंगलराज की वापसी बता रही है, वहीं राजद समर्थक इसे युवा नेतृत्व का नया दौर कह रहे हैं.

वहीं, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तीखा हमला करते हुए कहा, लालू यादव अपने परिवार के अलावा किसी को सत्ता नहीं दे सकते. तेजस्वी की ताजपोशी पहले से तय थी. उन्होंने आरोप लगाया कि राजद परिवारवाद की राजनीति का प्रतीक बन चुका है. इस बीच, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने अपने बयान से नया मोड़ ला दिया. उन्होंने कहा, आजाद भारत में पहली बार ऐसा हुआ है कि फ्रंटलाइन राजनीति करते हुए उपमुख्यमंत्री पद की घोषणा की जा रही है. सहनी ने आरोप लगाया कि भाजपा नीतीश कुमार को साइडलाइन करने की साजिश कर रही है.






## अब 'टिकट चोर, पद छोड़' के लग रहे नारे

**पटना, 23 अक्टूबर.** बिहार कांग्रेस में टिकट बंटवारे को लेकर उठे असंतोष ने अब खुला विद्रोह का रूप ले लिया है. गुरुवार को पटना स्थित सदाकत आश्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और पूर्व प्रत्याशियों ने प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की. नेताओं का आरोप है कि टिकट वितरण में पारदर्शिता की कमी रही और मेहनती कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर बाहरी व कमजोर उम्मीदवारों को टिकट दिया गया. बिहार विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में अंदरूनी कलह तेज हो गई है. टिकट बंटवारे को लेकर गुस्सा फूट पड़ा है. गुरुवार को पटना के सदाकत आश्रम में कई वरिष्ठ नेताओं, पूर्व प्रत्याशियों और जिलाध्यक्षों ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ खुला मोर्चा खोल दिया. धरने पर बैठे नेताओं ने टिकट बंटवारे में पैसों का खेल होने का आरोप लगाया और कहा कि मेहनती व जमीनी कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी गई. धरना स्थल पर मौजूद नेताओं में आनंद माधव, छत्रपति यादव, गजानंद शाही, नागेंद्र विकल और बच्चू सिंह जैसे कई वरिष्ठ नेता शामिल थे.

# शाह ने मार्ग के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

- छह लेन के निर्माण परियोजना का शिलान्यास : शाह
- 28 .8 किलोमीटर सड़क के लिए लगेंगे 805 करोड़

**अहमदाबाद, 23. केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरूवार को गुजरात में अहमदाबाद जिले के साणंद में अहमदाबाद-माणिया रोड पर शांतिपुरा चौकड़ी से खोराज जीआईडीसी तक छह लेन के निर्माण परियोजना का शिलान्यास किया.**




इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी उपस्थित रहे. सूत्रों के अनुसार साणंद और उसके आसपास अभूतपूर्व औद्योगिक विकास के कारण, गुजरात राज्य सड़क विकास निगम (जीएसआरडीसी) द्वारा प्रबंधित इस सड़क पर यातायात का भार काफी बढ़ गया है. वर्तमान में, औसतन 43,014 वाहनों के दैनिक यातायात के साथ, यातायात जाम की समस्या को हल करने के लिए मौजूदा चार-लेन सड़क को छह-लेन में बदलने की तत्काल आवश्यकता थी, जिसके तहत यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. 805 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कार्यान्वित होने वाली इस परियोजना के तहत, कुल 28.8 किलोमीटर सड़क को छह-लेन में परिवर्तित किया जाएगा. इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत, सड़क के दोनों ओर 22.731 किलोमीटर लंबाई में सर्विस रोड का निर्माण किया जाएगा, जबकि 13 छोटे पुलों को चौड़ा किया जाएगा और एक छह-लेन एलिवेटेड फ्लाईओवर और एक तीन-लेन दाएँ मुड़ने वाला फ्लाईओवर भी बनाया जाएगा. इसके अतिरिक्त, उलारिया, तेलाव (दो स्थानों पर), साणंद जीआईडीसी गेट और खोरज जीआईडीसी में कुल पाँच नए अंडरपास बनाए जाएँगे और परियोजना मार्ग से जुड़ने वाली सड़कों पर लगभग 172 पुलियों का निर्माण या नवीनीकरण किया जाएगा.

## बिहार का अपराधी रंजन और गिरोह के तीन सदस्य मारे गए

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर.** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रोहिणी इलाके में बुधवार रात पुलिस और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बिहार के कुख्यात अपराधी रंजन पाठक और उसके गिरोह के तीन अन्य वांछित सदस्य मुठभेड़ में मारे गए. यह मुठभेड़ कल रात करीब 2:20 बजे रोहिणी सेक्टर के बहादुर शाह मार्ग और पंसाली चौक के बीच हुई. संयुक्त आयुक्त (अपराध) सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और बिहार पुलिस की टीम को सूचना मिली थी कि बिहार के सीतामढ़ी का कुख्यात अपराधी रंजन पाठक अपने साथियों के साथ दिल्ली पहुंचा है और किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहा है.

# खाड़ी में नौकरी और देश बदलने की अनुमति

- मोहम्मद बिन सलमान का बड़ा फैसला, बदले कामगार नियम
- सऊदी अरब ने बदला दशकों पुराना कफाला कानून

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर. सऊदी अरब ने 'कफाला सिस्टम' खत्म कर नया रोजगार मॉडल लागू किया, जिससे लाखों भारतीय कामगारों को राहत मिलेगी। सऊदी अरब ने अपने दशकों पुराने 'कफाला' या 'स्पॉन्सरशिप सिस्टम' को खत्म करने का फैसला किया है।**



भारतीय कामगारों को राहत मिलने की उम्मीद है।

यह वही व्यवस्था थी जिसके तहत खाड़ी देशों में काम करने वाले विदेशी मजदूर अपने नियोक्ता या 'कफ़ील' पर पूरी तरह निर्भर रहते थे। इस कदम से वहां काम कर रहे करीब 27 लाख भारतीय कामगारों को राहत मिलने की उम्मीद है।

सऊदी अरब सरकार ने मार्च 2025 में घोषणा की थी कि देश अब अपने पारंपरिक 'कफ़ाला सिस्टम' को एक नए श्रम मॉडल से बदल रहा है। यह निर्णय देश में मानवाधिकार सुधार और विज़न 2030 के तहत आर्थिक खुलापन लाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। कफ़ाला सिस्टम में किसी विदेशी कामगार को काम, वीज़ा, और देश छोड़ने के लिए अपने 'कफील' यानी नियोक्ता से अनुमति लेनी पड़ती थी। पासपोर्ट भी अक्सर नियोक्ता के पास रहता था। मानवाधिकार संगठनों ने इसे लंबे समय से 'आधुनिक गुलामी' कहा था।

नई व्यवस्था के तहत अब कामगार बिना कफ़ील की अनुमति के नौकरी बदल सकेंगे और देश छोड़ने के लिए भी स्वतंत्र होंगे। उन्हें कानूनी सहायता और न्यूनतम वेतन जैसी सुरक्षा भी मिलेगी। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, सऊदी अरब में करीब 27 लाख भारतीय नागरिक रह रहे हैं।

# प्रेम और विश्वास का पर्व है भाई दूज : अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली, 23 अक्टूबर. भाई दूज के पावन अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।**



उन्होंने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) पोस्ट में कहा कि यह पर्व भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और प्रेम का प्रतीक है और भगवान से प्रार्थना की कि हर बहन का आशीर्वाद अपने भाई के जीवन में खुशियाँ, सफलता और समृद्धि लेकर आए। भाई दूज के अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति में पारिवारिक संबंधों और भाई-बहन के प्रेम का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया — भाई दूज की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। यह पावन पर्व भाई-बहन के प्रेम, स्नेह और अटूट विश्वास का प्रतीक है। भगवान से प्रार्थना है कि हर बहन का आशीर्वाद अपने भाई के जीवन में खुशियाँ, सफलता और समृद्धि लेकर आए।

## आज का इतिहास

**1577** चौथे सिख गुरु रामदास ने अमृतसर शहर की स्थापना की, शहर का नाम तालाब अमृत सरोवर के नाम पर रखा गया।

**1579** जेसुइट पादरी एस जे थामस भारत आने वाले पहले अंग्रेज थे, वह पुर्तग़ाली नौका से गोवा पहुंचे।

**1605** मुग़ल शासक जहाँगीर ने आगरा में गद्दी संभाली थी।


**1657** कल्याण और भिवंडी के शासन के आधीन आए।

**1921** सुप्रसिद्ध कार्टूनिस्ट आर. के. लक्ष्मण का जन्म।

**1940** भारत के प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक कृष्णास्वामी कस्तूरीरंगन का जन्म।

# असम में रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध बम विस्फोट

**गुवाहाटी, 23 अक्टूबर. पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अलीपुरद्वार डिवीजन के अंतर्गत आने वाले असम में कोकराझार के पास रेलवे ट्रैक पर गुरुवार रात संदिग्ध विस्फोट होने के बाद आठ ट्रेनें रोक दी गयीं.**



एनएफआर के एक प्रवक्ता ने बताया कि रात लगभग एक बजे, मालगाड़ी यूपी अजारा शुगर सलाकाटी और कोकराझार के बीच से गुजर रही थी, तभी ट्रैक पर एक विस्फोट हुआ. उन्होंने कहा कि ट्रेन प्रबंधक ने एक ज़ोरदार झटके की सूचना दी, जिसके बाद ट्रेन को रोक दिया गया. उन्होंने कहा, जांच करने पर पता चला कि संदिग्ध बम विस्फोट के कारण ट्रैक और स्लीपरों को नुकसान हुआ है. उन्होंने बताया कि सुबह 5:25 बजे ट्रैक को फिर से बहाल कर दिया गया और सामान्य ट्रेन सेवा फिर से शुरू हो गयी. राज्य पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और खुफिया अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं. इस सेक्शन में गश्त तेज कर दी गयी है.

# भारत वर्ष के अंत तक रूसी तेल आयात तेजी से कम करेगा : ट्रम्प

**वाशिंगटन, 23 अक्टूबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत तौर पर आश्वासन दिया है कि भारत इस वर्ष के अंत तक रूसी तेल आयात को तेजी से कम करेगा.**




नाटो महासचिव मार्क रटे के साथ व्हाइट हाउस में बोलते हुए, राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि भारत वर्तमान में अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 40 प्रतिशत रूस से प्राप्त करता है, लेकिन उनकी योजना आने वाले महीनों में इसे धीरे-धीरे समाप्त करने की है. राष्ट्रपति ने कहा, जैसा कि आप जानते हैं, भारत ने मुझसे कहा कि वे इसे रोक देंगे. यह एक प्रक्रिया है; आप इसे तुरंत नहीं रोक सकते. लेकिन साल के अंत तक, यह लगभग शून्य हो जाएगा. यह एक बड़ी बात है. उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह कमी धीरे-धीरे होगी ताकि वैश्विक बाजार स्थिर रहे. भारत का रूख बहुत अच्छा रहा है.

**सराहना** | **रक्षा मंत्री बोले - ऑपरेशन सिंदूर भारत की ताकत और दृढ़ संकल्प का प्रतीक**

# नौसेना ने पाक युद्धपोतों को तट से आगे नहीं बढ़ने दिया

**नयी दिल्ली, 23 अक्टूबर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय नौसेना की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य क्षमता और इच्छाशक्ति का परिचय दिया है. उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना के दमखम के कारण पाकिस्तान के युद्धपोत अपने तटीय क्षेत्रों से बाहर नहीं निकल पाए. रक्षा मंत्री ने इसे भारत की रणनीतिक सफलता और आत्मनिर्भर सैन्य शक्ति का प्रतीक बताया.**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय नौसेना की दक्षता, साहस और सामरिक क्षमता का सशक्त उदाहरण है. उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के युद्धपोतों को उनके बंदरगाह और तटीय क्षेत्र के भीतर ही सीमित रहने के लिए मजबूर कर दिया. यह भारत की रणनीतिक तैयारी और पेशेवर शक्ति का परिचायक है.

नई दिल्ली में आयोजित नौसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नौसेना की तत्परता और जुझारूपन ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया कि भारत किसी भी चुनौती का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है. उन्होंने कहा — भारतीय नौसेना ने यह साबित कर दिया है कि हिन्द महासागर क्षेत्र में उसकी उपस्थिति मित्र देशों के लिए राहत और क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश करने वालों के लिए बेचैनी का कारण है. राजनाथ सिंह ने कहा कि नौसेना केवल रक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की शक्ति भी है.

### नौसेना ने 335 व्यापारी जहाजों को सुरक्षित मार्ग किया प्रदान

रक्षा मंत्री ने बताया कि पिछले छह महीनों में भारतीय नौसेना ने अभूतपूर्व पैमाने पर युद्धपोतों, पनडुब्बियों और विमानों की तैनाती की है. इस दौरान नौसेना ने लगभग 335 व्यापारी जहाजों को सुरक्षित मार्ग प्रदान किया, जो करीब 12 लाख टन माल और 5 .6 अरब डॉलर के व्यापार मूल्य के बराबर है. उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के तहत नौसेना ने रक्षा उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है. बीते दस वर्षों में नौसेना के 67 प्रतिशत पूंजीगत अनुबंध भारतीय उद्योगों के साथ हुए हैं, जिससे यह साबित होता है कि अब भारत रक्षा उपकरणों के लिए आयात पर निर्भर नहीं है. नौसेना वर्तमान में आईडेक्स, टीडीएफ, स्प्रिंट और मेक-इन-इंडिया योजनाओं के तहत 194 स्वदेशी परियोजनाओं पर कार्य कर रही है.

## युवा कांग्रेस के प्रभारी बनाए गए मनीष शर्मा

**नयी दिल्ली.** कांग्रेस ने मनीष शर्मा को युवा कांग्रेस का नया प्रभारी नियुक्त किया है. कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया की पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने श्री शर्मा की नियुक्ति को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम संभालने को कहा गया है. श्री खरगे ने पार्टी के युवाओं के इस संगठन के निवर्तमान प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के काम की सराहना की और कहा कि उनके कार्यकाल में संगठन ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं.

